आचार्य धम्मपाल

कृत

परमत्थदीपनी

# थेरगाथा-अट्ठकथा

भाग - १

हिन्दी अनुवाद

विपश्यना विशोधन विन्यास

आचार्य धम्मपाल

कृत

# परमत्थदीपनी

# थेरगाथा-अट्ठकथा

भाग - १

हिन्दी अनुवाद

विपश्यना विशोधन विन्यास

धम्मगिरि, इगतपुरी

**थेरगाथा-अट्ठकथा भाग - 1**

पुस्तक कोड: **H118**

© विपश्यना विशोधन विन्यास
सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण : अगस्त 2026

**मूल्य: ₹**

**ISBN 978-81-990919-9-3** **Paperback/softback**
ISBN 978-93-90147-14-4 Digital download (PDF)

**प्रकाशक:**
**विपश्यना विशोधन विन्यास**
धम्मगिरि, इगतपुरी - ४२२४०३
जिला- नाशिक, महाराष्ट्र
फोन: ०२५५३-२४४९९८, २४३५५३, २४४०७६, २४४०८६,
८४८४८३४८३७, ८४८४८३७८३५,
८४८४८३९८३७, ८४८४८३१८३५
Email: vri_admin@vridhamma.org
Website: www.vridhamma.org

**मुद्रक:**
**अपोलो प्रिंटिंग प्रेस**
२५९, सीकॉफ लिमिटेड, ६९ एम. आय. डी. सी.
सातपुर, नाशिक-४२२००७, महाराष्ट्र

# थेरगाथा-अट्ठकथा भाग - 1

## विषयानुक्रमणिका


**संकेत-सूची** ..... 10

**भूमिका** ..... 11

**ग्रंथारंभकथा** ..... 23

**निदान गाथावर्णना** ..... 25

**१. एककनिपात** ..... 35

**१. प्रथम वर्ग** ..... 37

१. सुभूति थेर गाथावर्णना ..... 37

२. महाकोट्ठिक थेर गाथावर्णना ..... 46

३. कङ्खारेवत थेर गाथावर्णना ..... 49

४. पुण्ण थेर गाथावर्णना ..... 52

५. दब्ब थेर गाथावर्णना ..... 55

६. सीतवनिय थेर गाथावर्णना ..... 60

७. भल्लिय थेर गाथावर्णना ..... 63

८. वीर थेर गाथावर्णना ..... 65

९. पिलिन्दवच्छ थेर गाथावर्णना ..... 67

१०. पुण्णमास थेर गाथावर्णना ..... 69

**२. द्वितीय वर्ग** ..... 71

१. चूळवच्छ थेर गाथावर्णना ..... 71

२. महावच्छ थेर गाथावर्णना ..... 73

३. वनवच्छ थेर गाथावर्णना ..... 75

४. सिवकसामणेर थेर गाथावर्णना ..... 77

५. कुण्डधान थेर गाथावर्णना ..... 79

६. बेलट्ठसीस थेर गाथावर्णना ..... 83

७. दासक थेर गाथावर्णना ..... 85

८. सिङ्गालपितु थेर गाथावर्णना ..... 87
९. कुल थेर गाथावर्णना ..... 89
१०. अजित थेर गाथावर्णना ..... 91
**३. तृतीय वर्ग ..... 92**
१. निग्रोध थेर गाथावर्णना ..... 92
२. चित्तक थेर गाथावर्णना ..... 95
३. गोसाल थेर गाथावर्णना ..... 97
४. सुगन्ध थेर गाथावर्णना ..... 99
५. नन्दिय थेर गाथावर्णना ..... 101
६. अभय थेर गाथावर्णना ..... 103
७. लोमसकङ्गिय थेर गाथावर्णना ..... 105
८. जम्बुगामियपुत्त थेर गाथावर्णना ..... 107
९. हारित थेर गाथावर्णना ..... 109
१०. उत्तिय थेर गाथावर्णना ..... 111
**४. चतुर्थ वर्ग ..... 113**
१. गह्वरतीरिय थेर गाथावर्णना ..... 113
२. सुप्पिय थेर गाथावर्णना ..... 115
३. सोपाक थेर गाथावर्णना ..... 117
४. पोसिय थेर गाथावर्णना ..... 119
५. सामञ्ञकानि थेर गाथावर्णना ..... 121
६. कुमापुत्त थेर गाथावर्णना ..... 123
७. कुमापुत्तसहाय थेर गाथावर्णना ..... 125
८. गवम्पति थेर गाथावर्णना ..... 127
९. तिस्स थेर गाथावर्णना ..... 129
१०. वड्ढमान थेर गाथावर्णना ..... 131
**५. पंचम वर्ग ..... 132**
१. सिरिवड्ढ थेर गाथावर्णना ..... 132
२. खदिरवनिय थेर गाथावर्णना ..... 134
३. सुमङ्गल थेर गाथावर्णना ..... 136
४. सानु थेर गाथावर्णना ..... 139
५. रमणीयविहारि थेर गाथावर्णना ..... 141
६. समिद्धि थेर गाथावर्णना ..... 143

७. उज्जय थेर गाथावर्णना ..... 145
८. सञ्जय थेर गाथावर्णना ..... 147
९. रामणेय्यक थेर गाथावर्णना ..... 148
१०. विमल थेर गाथावर्णना ..... 150
**६. षष्ठ वर्ग ..... 152**
१. गोधिकादिचतुथेर गाथावर्णना ..... 152
२. सुबाहु थेर गाथावर्णना ..... 155
३. वल्लिय थेर गाथावर्णना ..... 155
४. उत्तिय थेर गाथावर्णना ..... 155
५. अञ्जनवनिय थेर गाथावर्णना ..... 156
६. कुटिविहारि थेर गाथावर्णना ..... 158
७. दुतियकुटिविहारि थेर गाथावर्णना ..... 160
८. रमणीयकुटिक थेर गाथावर्णना ..... 162
९. कोसलविहारि थेर गाथावर्णना ..... 164
१०. सीवलि थेर गाथावर्णना ..... 166
**७. सप्तम वर्ग ..... 170**
१. वप्प थेर गाथावर्णना ..... 170
२. वज्जिपुत्त थेर गाथावर्णना ..... 172
३. पक्ख थेर गाथावर्णना ..... 174
४. विमलकोण्डञ्ञ थेर गाथावर्णना ..... 176
५. उक्खेपकतवच्छ थेर गाथावर्णना ..... 178
६. मेघिय थेर गाथावर्णना ..... 180
७. एकधम्मसवनीय थेर गाथावर्णना ..... 182
८. एकुदानिय थेर गाथावर्णना ..... 184
९. छन्न थेर गाथावर्णना ..... 187
१०. पुण्ण थेर गाथावर्णना ..... 189
**८. अष्टम वर्ग ..... 191**
१. वच्छपाल थेर गाथावर्णना ..... 191
२. आतुम थेर गाथावर्णना ..... 193
३. माणव थेर गाथावर्णना ..... 195
४. सुयामन थेर गाथावर्णना ..... 197
५. सुसारद थेर गाथावर्णना ..... 198

६. पियञ्जह थेर गाथावर्णना ..... 200
७. हत्थारोहपुत्त थेर गाथावर्णना ..... 202
८. मेण्डसिर थेर गाथावर्णना ..... 204
९. रक्खित थेर गाथावर्णना ..... 206
१०. उग्ग थेर गाथावर्णना ..... 208
**९. नवम वर्ग ..... 209**
१. समितिगुत्त थेर गाथावर्णना ..... 209
२. कस्सप थेर गाथावर्णना ..... 211
३. सीह थेर गाथावर्णना ..... 213
४. नीत थेर गाथावर्णना ..... 215
५. सुनाग थेर गाथावर्णना ..... 217
६. नागित थेर गाथावर्णना ..... 219
७. पविट्ठ थेर गाथावर्णना ..... 221
८. अज्जुन थेर गाथावर्णना ..... 222
९. (पठम) देवसभ थेर गाथावर्णना ..... 224
१०. सामिदत्त थेर गाथावर्णना ..... 226
**१०. दसम वर्ग ..... 228**
१. परिपुण्णक थेर गाथावर्णना ..... 228
२. विजय थेर गाथावर्णना ..... 230
३. एरक थेर गाथावर्णना ..... 232
४. मेत्तजि थेर गाथावर्णना ..... 234
५. चक्खुपाल थेर गाथावर्णना ..... 235
६. खण्डसुमन थेर गाथावर्णना ..... 238
७. तिस्स थेर गाथावर्णना ..... 240
८. अभय थेर गाथावर्णना ..... 242
९. उत्तिय थेर गाथावर्णना ..... 244
१०. (दुतिय) देवसभ थेर गाथावर्णना ..... 246
**११. एकादसम वर्ग ..... 248**
१. बेलट्ठानिक थेर गाथावर्णना ..... 248
२. सेतुच्छ थेर गाथावर्णना ..... 250
३. बन्धुर थेर गाथावर्णना ..... 252
४. खितक थेर गाथावर्णना ..... 254

५. मलितवम्भ थेर गाथावर्णना ..... 256
६. सुहेमन्त थेर गाथावर्णना ..... 258
७. धम्मसव थेर गाथावर्णना ..... 260
८. धम्मसवपितु थेर गाथावर्णना ..... 262
९. सङ्घरक्खित थेर गाथावर्णना ..... 263
१०. उसभ थेर गाथावर्णना ..... 265
**१२. द्वादसम वर्ग ..... 267**
१. जेन्त थेर गाथावर्णना ..... 267
२. वच्छगोत्त थेर गाथावर्णना ..... 269
३. वनवच्छ थेर गाथावर्णना ..... 271
४. अधिमुत्त थेर गाथावर्णना ..... 273
५. महानाम थेर गाथावर्णना ..... 275
६. पारापरिय थेर गाथावर्णना ..... 277
७. यस थेर गाथावर्णना ..... 279
८. किमिल थेर गाथावर्णना ..... 281
९. वज्जिपुत्त थेर गाथावर्णना ..... 283
१०. इसिदत्त थेर गाथावर्णना ..... 285
**२. द्विक निपात ..... 287**
**१. प्रथम वर्ग ..... 289**
१. उत्तर थेर गाथावर्णना ..... 289
२. पिण्डोलभारद्वाज थेर गाथावर्णना ..... 293
३. वल्लिय थेर गाथावर्णना ..... 295
४. गङ्गातीरिय थेर गाथावर्णना ..... 297
५. अजिन थेर गाथावर्णना ..... 299
६. मेळजिन थेर गाथावर्णना ..... 301
७. राध थेर गाथावर्णना ..... 303
८. सुराध थेर गाथावर्णना ..... 305
९. गोतम थेर गाथावर्णना ..... 307
१०. वसभ थेर गाथावर्णना ..... 309
**२. द्वितीय वर्ग ..... 312**
१. महाचुन्द थेर गाथावर्णना ..... 312
२. जोतिदास थेर गाथावर्णना ..... 314

३. हेरञ्ञकानि थेर गाथावर्णना ..... 316
४. सोममित्त थेर गाथावर्णना ..... 318
५. सब्बमित्त थेर गाथावर्णना ..... 320
६. महाकाल थेर गाथावर्णना ..... 322
७. तिस्स थेर गाथावर्णना ..... 324
८. किमिल थेर गाथावर्णना ..... 327
९. नन्द थेर गाथावर्णना ..... 328
१०. सिरिम थेर गाथावर्णना ..... 331
**३. तृतीय वर्ग ..... 335**
१. उत्तर थेर गाथावर्णना ..... 335
२. भद्दजि थेर गाथावर्णना ..... 337
३. सोभित थेर गाथावर्णना ..... 340
४. वल्लिय थेर गाथावर्णना ..... 343
५. वीतसोक थेर गाथावर्णना ..... 346
६. पुण्णमास थेर गाथावर्णना ..... 348
७. नन्दक थेर गाथावर्णना ..... 350
८. भरत थेर गाथावर्णना ..... 352
९. भारद्वाज थेर गाथावर्णना ..... 354
१०. कण्हदिन्न थेर गाथावर्णना ..... 356
**४. चतुर्थ वर्ग ..... 358**
१. मिगसिर थेर गाथावर्णना ..... 358
२. सिवक थेर गाथावर्णना ..... 360
३. उपवाण थेर गाथावर्णना ..... 362
४. इसिदिन्न थेर गाथावर्णना ..... 365
५. सम्बुलकच्चान थेर गाथावर्णना ..... 367
६. नितक थेर गाथावर्णना ..... 369
७. सोणपोटिरियपुत्त थेर गाथावर्णना ..... 371
८. निसभ थेर गाथावर्णना ..... 373
९. उसभ थेर गाथावर्णना ..... 375
१०. कप्पटकुर थेर गाथावर्णना ..... 377
**५. पंचम वर्ग ..... 379**
१. कुमारकस्सप थेर गाथावर्णना ..... 379

२. धम्मपाल थेर गाथावर्णना ..... 382
३. ब्रह्मालि थेर गाथावर्णना ..... 384
४. मोघराज थेर गाथावर्णना ..... 386
५. विसाखपञ्चालपुत्त थेर गाथावर्णना ..... 389
६. चूळक थेर गाथावर्णना ..... 391
७. अनूपम थेर गाथावर्णना ..... 393
८. वज्जित थेर गाथावर्णना ..... 395
९. सन्धित थेर गाथावर्णना ..... 397
**३. तिक निपात ..... 399**
१. अङ्गणिकभारद्वाज थेर गाथावर्णना ..... 401
२. पच्चय थेर गाथावर्णना ..... 403
३. बाकुल थेर गाथावर्णना ..... 405
४. धनिय थेर गाथावर्णना ..... 408
५. मातङ्गपुत्त थेर गाथावर्णना ..... 410
६. खुज्जसोभित थेर गाथावर्णना ..... 412
७. वारण थेर गाथावर्णना ..... 414
८. वस्सिक थेर गाथावर्णना ..... 416
९. यसोज थेर गाथावर्णना ..... 418
१०. साटिमत्तिय थेर गाथावर्णना ..... 421
११. उपालि थेर गाथावर्णना ..... 423
१२. उत्तरपाल थेर गाथावर्णना ..... 430
१३. अभिभूत थेर गाथावर्णना ..... 432
१४. गोतम थेर गाथावर्णना ..... 434
१५. हारित थेर गाथावर्णना ..... 436
१६. विमल थेर गाथावर्णना ..... 437
**शब्दानुक्रमणिका ..... 438**
**विपश्यना साधना केंद्र ..... 448**

ककक

# संकेत-सूची

अ० नि० = अङ्गुत्तरनिकाय

अट्ठ० = अट्ठकथा

अप० = अपदान

इतिवु० = इतिवुत्तक

उदा० = उदान

कथा० = कथावत्थु

खु० नि० = खुद्दकनिकाय

खु० पा० = खुद्दकपाठ

चूळनि० = चूलनिद्देस

चूलव० = चूलवग्ग

जा० = जातक

थेरगा० = थेरगाथा

दी० नि० = दीघनिकाय

ध० प० = धम्मपद

ध० स० = धम्मसङ्गणि

नेत्ति० = नेत्तिप्पकरण

पटि० म० = पटिसम्भिदामग्ग

पाचि० = पाचित्तिय

पारा० = पाराजिक

म० नि० = मज्झिमनिकाय

महाव० = महावग्ग

महानि० = महानिद्देस

मि० प० = मिलिन्दपञ्ह

वि० व० = विमानवत्थु

विभ० = विभङ्ग

विसुद्धि० = विसुद्धिमग्ग

सं० नि० – संयुत्तनिकाय

सारत्थ० टी० = सारत्थदीपनी-टीका

सु० नि० = सुत्तनिपात

# भूमिका

थेरगाथा अट्ठकथा जिसे परमत्थदीपनी भी कहते हैं, आचार्य धम्मपाल द्वारा लिखी गयी है। वे बदरतित्थ विहार में रहते थे और बुद्धघोष के समकालीन थे। परमत्थदीपनी का अर्थ होता है परमार्थ की दीपनी या व्याख्या अर्थात् भव-चक्र से, दुःख से मुक्त होकर कोई कैसे निर्वाण का अधिगम कर सकता है।

थेरगाथा अट्ठकथा भाग-1 में तीन निपातों की अर्थ-कथा है। एककनिपात में 120 थेरों द्वारा उदान स्वरूप जो एक-एक गाथा कही गई है उनकी अट्ठकथा है अर्थात उन गाथाओं के अर्थ धम्मपाल ने दिये हैं।

द्विक निपात में 49 थेरों की 98 गाथाएं हैं जिनकी अट्ठकथा (अर्थ-कथाएं) यहां दी गई हैं और तिक निपात में 16 थेरों की अड़तालीस गाथाओं की अर्थ-कथाएं हैं। इस तरह थेरगाथा भाग-1 में 185 थेरों की अट्ठकथा या अर्थवर्णना की गई है।

सभी थेरों की अट्ठकथाओं में जो बातें सामान्य हैं वे हैं– किस थेर की गाथा है, इसकी कैसे उत्पत्ति हुई है, थेर ने किस बुद्ध के समय कौन-सा पुण्यकर्म किया और इसके फल से वे कहां-कहां पैदा हुए और अंत में गोतम बुद्ध के समय कहां पैदा हुए और फिर किस तरह प्रव्रजित होकर विपश्यना का अभ्यास कर अर्हत हुए, षडभिज्ञ हुए या निर्वाण प्राप्त कर भव-चक्र से पूरी तरह मुक्त हुए।

इसी प्रसंग में एक बात जो सामाजिक रीति-रिवाज के परिप्रेक्ष्य में विशेष ध्यातव्य है वह यह है कि कोई थेर इस बुद्ध के काल में कहां पैदा हुए। कई थेरों के बारे में यह बात कही गई है कि उन्होंने कुलगृह में (कुलगेहे निब्बत्तित्वा) जन्म लिया।

यहां कुलगृह का क्या अर्थ है? मेरे विचार से कुलगृह का अर्थ पिता का घर या पैतृक गृह होना चाहिए। प्राचीन काल में लड़कियों के विवाह के बाद पहली संतान का जन्म लड़की की मां के घर में अर्थात बच्चे के ननिहाल में होता था। यही सर्वमान्य प्रथा थी। यह प्रथा हाल तक कुछ समाज में थी या अभी भी है। इसके सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक कारण थे, पर इसका अपवाद भी था और कभी-कभी संतान का जन्म पिता के घर में या कुलगृह में होता था, क्योंकि किसी बच्चे का कुल निर्धारण मां से नहीं पिता से होता है। अतः कुलगृह का अर्थ पिता का घर ही होना चाहिए। रीज डेविड्स ने अपने पालि-इंग्लिश कोष में इसका अनुवाद Father's House ही किया है।

यहां यह भी कहा जाता है कि किसी विशेष व्यक्ति ने प्रव्रजित होकर अपने चरितानुकूल कर्मस्थान लेकर विपश्यना भावना कर अर्हत्व की प्राप्ति की। अर्हत्व प्राप्त कर वह जीवन-मरण के चक्र से बाहर आ जाता है और सर्वतोभावेन मुक्त हो जाता है, दुःख से मुक्त, जन्म-जरा से मुक्त, भव-चक्र में आने से मुक्त।

विपश्यना की भावना भिन्न-भिन्न थेर कैसे करते थे– इसके उदाहरण यहां मिलते हैं। कोई 'विपस्सनं उस्सुकापेत्वा' (विपश्यना का आतुर होकर या उत्सुकतापूर्वक अभ्यास कर) कोई 'विपस्सनं गब्भं गण्हापेत्वा' (विपश्यना को गर्भधारण कराकर), कोई 'विपस्सनं अभिनिविसित्वा' (विपश्यना से जुड़कर, चिपककर, संसक्त होकर), कोई 'विपस्सनाय चित्तं ओतारेत्वा' (विपश्यना भावना या कर्म में चित्त को उतारकर), कोई 'विपस्सनं वड्ढेत्वा या ब्रूहेत्वा' (विपश्यना को बढ़ाकर, इसको परिब्रूहित करा-कर), कोई 'विपस्सनं आरभित्वा'

(विपश्यना भावना का आरंभ कर), कोई 'विपस्सनं पट्ठपेत्वा' (विपश्यना में अपने को प्रस्थापित कर), कोई 'विपस्सनं अनुयुञ्जन्तो' (विपश्यना भावना में अपने को लगाकर, अपने को जोड़कर) कोई 'विपस्सनं आरभित्वा' (विपश्यना भावना का आरंभ कर), कोई 'विपस्सनं पट्ठपेन्तो' (विपश्यना में अपने को प्रस्थापित करते हुए) और कोई 'विपस्सनं अनुयुञ्जनन्तो' (विपश्यना भावना में अपने को लगाकर अपने को जोड़कर भावना करते थे)।

विपश्यना के संबंध में जितनी क्रियाओं का प्रयोग किया गया है, वे सब यही दरसाती हैं कि विपश्यना भावना करना व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है। क्या यह इस बात का द्योतक है कि विपश्यना करने की विधियां व्यक्ति के चरित पर निर्भर करती हैं? विसुद्धिमग्गो में छ: प्रकार के चरित बताये गए हैं। प्रमुख बात तो यह है कि वह व्यक्ति किस चरित का है, क्या रागचरित का है या दोषचरित का या मोहचरित का या श्रद्धाचरित का या बुद्धिचरित का या वितर्क चरित का? जब अपने चरितानुकूल विपश्यना का अभ्यास किया जाएगा तो इसके अभ्यास करने में भिन्नता आनी स्वाभाविक है।

थेरगाथा अट्ठकथा में बार-बार 'तेन वुत्तं अपदाने' आता है। इसका अर्थ क्या है? क्या इसका अर्थ अपदान में कहा गया है या उसके द्वारा अपदान में कहा गया है या अत: अपदान में कहा गया है? यहां सबसे निर्णायक शब्द है तेन। तेन क्या 'सो' का ततिया रूप है?

इसका अर्थ पूरी स्पष्टता से जानने के लिए मैंने पालि भाषा के प्रकाण्ड पश्चिमी विद्वान भिक्खु बोधि से संपर्क किया। मेरे पूछने पर पहले तो उन्होंने लिखा कि इसका अर्थ Therefore it is said in the Apadāna होता है।

जब मैंने लिखा कि If the passive voice of *so kathes*i is tena *vuttaṃ* होता है तो why *tena vuttaṃ Apadāne* should not be translated as 'He said in the Apadāna' as the Apadāna, in fact, is the autobiography of a Thera or a Therī ?

इस पर भिक्षु बोधि ने लिखा– This is a good question and I had to look up the original text (the commentary to the Theragāthā) to get the context. The word 'tena' can mean either thus, therefore, hence as the instrumental of 'सो', it can mean 'by him.' In this context it might be taken in either way, but now 'I am inclined to take it in the sense of 'by him.'

लेकिन उनका Research इस संबंध में अनवरत चलता रहा। उन्होंने पुन: लिखा कि I just did a search for 'tena vuttaṃ' without reference to the Apadāna or the Theragāthā. I got a large number of hits in the commentaries without reference to the specific speaker. So, it clearly means 'thus it was said.' It probably also has this meaning in relation to the Apadāna. So, I retract my statement above. Now I incline to take it as meaning 'thus, therefore'. There are many instances where tena vuttaṃ clearly means– 'thus it was said' without reference to any 'he' who would have said this. But the absolute knock out proof comes in the Therīgāthā commentary where we find many instances of the phrase 'tena vuttam Apadāne' referring to a bhikkhuṇī. If tena meant 'by him' in the

Theragāthā Aṭṭhakathā, we would expect to find the feminine pronoun 'tāya vuttaṃ' Apadāne'. But we can't find even one instance. We always find tena vuttaṃ. This clinches the matter.'

भिक्खु बोधि के शोधपरक कथन से यह स्पष्ट हो जाता है कि 'तेनं वुत्तं अपदाने' का अर्थ– अत: अपदान में कहा गया है– ही ठीक है।

इसके बाद यह कहा गया है कि उस थेर ने पूर्व जीवन में किसी बुद्ध के समय जैसे पदुमुत्तर या सिखी के समय कौन-सा काम किया और उसका क्या फल उन्हें मिला। फिर उन्होंने इस बुद्ध के समय क्या काम किया और उसका क्या फल मिला। किसी बुद्ध या प्रत्येक बुद्ध को पूर्व जीवन में क्या दिया और उसका क्या फल मिला।

अधिकतर लोग या तो विभिन्न प्रकार के फूलों से बुद्ध या प्रत्येक बुद्ध की पूजा करते हैं या फल या वस्त्र दान में देते हैं। दान देने का अच्छा फल तभी मिलता है जब दान देते समय वह प्रसन्न रहता है। जो पूजा करते समय या दान देते समय प्रसन्न रहते हैं उन्हीं को अच्छे फल की प्राप्ति होती है। यदि दान प्रसन्न मन से न दिया जाए और पूजा भी चित्त की प्रसन्नता से न की जाए तो अच्छा फल नहीं मिलता है। **जैसी चित्त की चेतना, वैसा ही फल होय,** चित्त प्रसन्न तो उस प्रसन्न चित्त से किये काम का फल भी अच्छा। भगवान बुद्ध ने कहा ही है– **'चेतनाहं, भिक्खवे, कम्मं वदामि'।** इसलिए दान देने वाले को तभी अच्छा फल मिलता है, जब वह दान देने के पहले, दान देते समय और दान देने के बाद प्रसन्न रहता है।

इस तरह शुद्ध चेतना से किये कर्म के फलस्वरूप दानदाता दुर्गति में नहीं पड़ता अर्थात उसका जन्म न तो नरक में होता है, न तिरश्चीन योनि (पशु-पक्षी) में और न प्रेत योनि में। वह मनुष्य या देवलोक में ही जन्म लेता है। इसलिए थेर कहते हैं– **'दुग्गतिं नाभिजानामि'** अर्थात मैं दुर्गति नहीं जानता अर्थात थेर **'दुग्गतिं नुपपज्जति'** अर्थात दुर्गति में पैदा नहीं होते। कुशल कर्मों को करने का फल यह होता है कि थेर कह उठते हैं– **'किलेसा झापिता मय्हं ...पे०... कतं बुद्धस्स सासनं'** अर्थात मेरे क्लेश जल गए हैं, और मैंने बुद्ध का शासन पूरा कर लिया है।

यहां दो शब्द विशेष रूप से ध्यातव्य हैं– **'किलेसा'** एवं **'बुद्धस्स सासनं'**।

क्लेश क्या है? अकुशल कर्म के तीन मूल जैसे राग, द्वेष एवं मोह तथा मिथ्यादृष्टि, विचिकित्सा, स्त्यान, औद्धत्य, अहीरिक और अनवतप्त– ये नौ क्लेश कहे जाते हैं। क्या हैं ये क्लेश? ये क्या करते हैं? ये मन को गंदा करते हैं, अशुद्ध बनाते हैं जिससे मन बहुत तरह का अकुशल कर्म करता है चूंकि कर्म की गंगोत्री तो मन ही है– **'मनोपुब्बङ्गमा धम्मा'।** अकुशल कर्म बंधनकारक है और भवचक्रकारक है, मनुष्य को इन्हीं अकुशल कर्मों के कारण बार-बार जन्म लेना पड़ता है, भव-चक्र में आना पड़ता है और दुःख भोगना पड़ता है। लेकिन जिसने क्लेशों को पूरी तरह जला दिया है, वह भव-चक्र का सृजन ही नहीं करता तो उसमें आने या आकर दुःख भोगने की बात तो दूर है।

**'कतं बुद्धस्स सासनं'** का क्या अर्थ है? शासन का अर्थ **'अनुसिट्ठि'** अर्थात भगवान बुद्ध के ओवाद (बौ. सं. अपवाद) का पालन किया है अर्थात भगवान ने जो करने कहा उसको किया। शील का पालन किया, समाधि का अभ्यास किया और प्रज्ञा को विकसित कर अनित्य, दुःख और अनात्म को अनुभव के धरातल पर जाना। अनुभवात्मक ज्ञान बड़ा ही कल्याण करने वाला होता है चूंकि यही वह ज्ञान है जिससे अनित्यता का अनुभव के स्तर पर बोध होता है और फलस्वरूप वैराग्य का भाव विकसित होता है। वैराग्य होता है तो तृष्णा नहीं रहती

और तृष्णा के नहीं होने पर न तो उपादान (आसक्ति) होता है और न भव (अस्तित्व संसार)।

हर अपदान के अंत में यह आता है– **'किलेसा झापिता मय्हं ...पे०... कतं बुद्धस्स सासनं'।**

यहां यह वर्णन आया है कि भगवान की पूजा फूलों से की गयी और दान में उन्हें फल दिये गए। विभिन्न प्रकार के फूलों तथा फलों के नाम यहां आए हैं। फूलों के नाम जैसे निग्गुण्ठि, साल, किंकिणि, कोरण्ड, केतक, किंसुक, कण्णिकार, उमा, कणवेर, कुमुद, पदुम, बन्धुजीवक, पुन्नाग, सल्ल, कदम्ब, मन्दारव आदि।

फलों में वल्लिकार, कदली, मातुलुङ्ग, अम्ब, ताल, नालिकेर, कपित्थ, कोल, भल्लातक, बिल्व, पियाल, पादफल आदि।

इन फलों या फूलों में कई ऐसे नाम हैं जिन्हें आज हम क्या कहते हैं, यह हमें पता नहीं है। अतः यह किसी वनस्पतिशास्त्री पर छोड़ता हूं। वे ही इनका सम्यक विवेचन कर आधुनिक नाम बता सकेंगे।

सभी थेरों तथा थेरियों को भावितात्म **(भावितत्त)** कहा गया है। **भावितत्तानं** का क्या अर्थ है? इसका अर्थ है वह व्यक्ति जिसने शील, समाधि और प्रज्ञा की भावना की है अर्थात बार-बार अभ्यास कर उन्हें बढ़ाया है। शील की भावना कर तीन विद्याओं को प्राप्त किया जा सकता है, समाधि की भावना कर छः अभिज्ञाओं की प्राप्ति की जा सकती हैं और प्रज्ञा की भावना कर चार प्रकार की प्रतिसंभिदाएं प्राप्त की जा सकती हैं। शील से क्लेश अतिक्रमित होते हैं, समाधि से क्लेश पर्यवसित और प्रज्ञा से अनुशयों का प्रहाण। शील से संक्लेशों का विशोधन होता है, समाधि से तृष्णा का और प्रज्ञा से मिथ्यादृष्टि का विशोधन होता है। थेर तथा थेरियां, जो भावितात्म थीं उनमें से कुछ त्रैविद्य थे, कुछ षडभिज्ञ और कुछ प्रतिसंभिदासंपन्न।

आचार्य धम्मपाल, आचार्य बुद्धघोस की तरह ही आचार्य थे। दोनों में बहुत कुछ समानताएं हैं। दोनों ही त्रिपिटक से उद्धरण देते हैं, लगता है सारा त्रिपिटक उनकी जिह्वा पर था। दोनों ही व्याकरण के प्रकाण्ड पंडित थे। बुद्धघोस की तरह धम्मपाल यह बताते हैं कि कहां कारकों का व्यत्यय हुआ है। अगर पंचमी के लिए षष्ठी का प्रयोग **'निस्सके सामिवचनं'** कहीं किया गया है तो वे इस बात को रेखांकित कर देते हैं (देखें निग्रोध थेर गाथावर्णना) और उपयोग अर्थ में (कर्मकारक में) सम्प्रदान का प्रयोग हुआ है तो वह भी बताते हैं (देखें वज्जिपुत्त थेर गाथावर्णना)।

धम्मपाल भी अट्ठकथा लिखते समय बुद्धघोस की तरह एक Polysemous (अनेकार्थी) शब्द को लेते हैं और त्रिपिटक से उद्धरण देकर उसके भिन्न-भिन्न अर्थों को दिखाते हैं। जैसे थेरगाथा-अट्ठकथा भाग - 1 की सुभूति गाथावर्णना में 'सुख' 'देव' एवं 'छन्न' शब्दों का किया गया है।

जैसे **सुख-सद्दो पन "विपिट्ठिकत्वान सुखं दुक्खञ्च, पुब्बेव च सोमनस्स-दोमनस्स"न्ति आदीसु सुखवेदनाय आगतो। "सुखो बुद्धानुप्पादो, सुखा सद्धम्मदेसना"ति आदीसु सुखमूले। "सुखस्सेतं, भिक्खवे, अधिवचनं यदिदं पुञ्ञानी"ति सुखहेतुम्हि। "यस्मा च, खो महालि, रूपं सुखं, सुखानुपतितं, सुखावक्कन्त"न्ति आदीसु सुखारम्मणे "दिट्ठधम्म सुखविहारा एते, चुन्द, अरियस्स विनये"ति आदीसु अब्यापज्जे। "निब्बानं, परमं सुख"न्ति आदीसु निब्बाने। "यावञ्चिदं, भिक्खवे, न सुकरं अक्खानेन पापुणितुं याव सुखा सग्गा'ति आदीसु सुखपच्चयपट्ठाने। "सोवग्गिकं, सुखविपाकं सग्गसंवत्तनिक"न्ति आदीसु इट्ठे पियमनापेति अत्थो।"**

इसी तरह पृ. 43 पर 'देव' शब्द का तथा पृ. 42 पर 'कुटिका' शब्द के अर्थ दिये गए हैं। ऐसा लगता है कि इन अट्ठकथाकारों को पूरा तिपिटक जिह्वा पर था और वे कहीं से भी उद्धरण दे सकते थे।

यह एक मनोवैज्ञानिक बात है कि कभी किसी बात को लेकर मन में द्वन्द्व चलता है, अच्छे मन में और

बुरे मन में। किसी बात को करें या न करें। अच्छा मन बुरी बात नहीं करना चाहता है और बुरा मन अच्छे मन को अपनी ओर घसीटना चाहता है। सुभूति थेरापदान में यह वर्णित है कि जब वे एक जन्म में कोलिय नामक जटिल थे तो कैसे उनके मन में द्वन्द्व चला और कैसे उनका अच्छा मन उनके बुरे मन को फटकारता है।

**रज्जसे रज्जनीये च, दुस्सनीये च दुस्ससे।**
**मुय्हसे मोहनीये च, निक्खमसु वना तुवं॥**

**विसुद्धानं अयं वासो, निम्मलानं तपस्सिनं।**
**मा खो विसुद्धं दूसेसि, निक्खमसु वना तुवं॥**

"जंगल में तपस्वी वास करते हैं, यह निर्मल तपस्वियों का वासस्थान है। अगर तुम राग से रंजित, द्वेष से दूषित और मोह से मोहित होते हो तो वन से निकल जाओ।" चित्त का यह द्वन्द्व, निर्मल और मलिनचित्त का द्वन्द्व है। इसका काव्यात्मक महत्त्व बहुत है। जब मन में ऐसा अन्तर्द्वन्द्व चलता है तो कविता में गेयता आ जाती है। अंग्रेजी में Robert L. Stevenson की एक पुस्तक है Dr. Jekyll and Mr. Hyde जहां उन्होंने एक व्यक्ति के अन्तर्द्वन्द को दिखाया है। उसका अच्छा self Dr. Jekyll है जो दिन में बड़ा अच्छा काम करता है पर रात के अंधेरे में वह Mr. Hyde हो जाता है और बुरे कर्मों में संलिप्त हो जाता है। अच्छे और बुरे self में द्वन्द्व होता है।

इस मनोवैज्ञानिक द्वन्द्व को धम्मपाल ने अवश्य समझा होगा तभी उन्होंने सुभूति थेर की अट्ठकथा में इस अपदान को उद्धृत किया जहां एक जटिल में उस तरह का मानसिक द्वन्द्व दिखाया गया है जैसे तालपुट थेर में। (देखें तालपुट थेर की गाथाएं)

आचार्य धम्मपाल अवश्य ही महान अट्ठकथाकार थे, पर **'पुब्बे हनति अत्तानं, पच्छा हनति सो परे'** की अट्ठकथा देखकर ऐसा लगता है कि वे गंभीर विपश्यी साधक संभवतः नहीं थे। अगर गंभीर विपश्यी साधक होते तो–

**पुब्बे हनति अत्तानं, पच्छा हनति सो परे।**
**सुहतं हन्ति अत्तानं, वीतंसेनेव पक्खिमा॥**

गाथा की अट्ठकथा (अर्थ-कथा) में उन्होंने जो अर्थ किया है वह प्रसंग में तो ठीक है, पर गाथा के पूर्वार्ध का जो महत्त्वपूर्ण अर्थ है उसको वे रेखांकित नहीं कर सके और यह नहीं बता सके कि जिस चिड़िया की उपमा यहां दी गई वह उपयुक्त नहीं है। प्रसंग यह है कि देवेन्द्र इन्द्र ने थेर से पूछा कि ढोंगी किसे कहते हैं। इस पर थेर ने कहा कि चूंकि वह शीलवान नहीं होता, लोभी होता है, इसलिए वैसा भिक्षु पहले अपनी हानि करता है, बाद में दूसरों की हानि करता है। कैसे करता है? तो वे शिकारी के पास की चिड़िया का उदाहरण देते हैं, जो दूसरी चिड़िया को फंसाती है। यह उपमा उचित नहीं है। यहां तो यह कहना उचित होता कि अगर आप क्रोध करते हैं तो दूसरों पर क्रोध करने के पूर्व या दूसरों पर प्रहार करने के पूर्व, दूसरों की हानि करने के पूर्व अपनी ही हानि करते हैं, आप ही जलते हैं, घंटों जलते हैं।

यहां जिस चिड़िया की उपमा दी गयी, वह अपने से अपनी हानि नहीं करती, अपनी हानि स्वयं कर दूसरों की हानि नहीं करती बल्कि दूसरे उसकी हानि करते हैं औरों को फंसाने के लिए। एक चिड़ीमार वैसी चिड़िया को अपने पास उसकी आंख फोड़कर इसलिये रखता है कि वह दूसरी चिड़ियों को अपने जाल में फंसा सके। लेकिन यह उपमा यहां इस संदर्भ में शत-प्रतिशत ठीक नहीं है।

यहां तो चिड़ीमार एक चिड़िया को अंधा बनाकर अपने पास रखता है ताकि वह बोले और चिड़िया उसके पास आय, जिसको चिड़ीमार फंसा सके। चिड़िया अपने से अपनी आंख नहीं फोड़ती है दूसरों को फंसाने के लिए। जहां तक 'हनति अत्तानं' की बात है उसका सीधा अर्थ यह है कि क्रोध करने वाला व्यक्ति पहले अपनी हानि करता है बाद में वह दूसरे की हानि करता है जिस पर वह क्रोध करता है। नहीं भी कर सकता है, हानि करने की बात सिर्फ सोचते रह सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि जिस पर वह क्रोध करता है और जिसकी हानि करना चाहता है वह कितना समर्थ है। यदि एक बड़ा अफसर किसी छोटे कर्मचारी पर किसी कारणवश गलत आरोप लगाकर उसकी हानि करता है तो वह छोटा कर्मचारी उस पर क्रोध कर उसका बाल भी बांका कर सकता है क्या? वह भले ही क्रोध से उबलता रहे, पर वह उस बड़े अफसर का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। लेकिन यदि वह क्रोध करता है, क्रोध से उबलता रहता है तो वह स्वयं की ही हानि करता है। वह जलता रहता है, क्रोध से जलते रहकर वह अपनी ही हानि करता है। अतः गाथा में जो उपमा दी गयी है वह सटीक नहीं है। 'पुब्बे हनति अत्तानं' का अर्थ तो यही होगा कि भाई, तुम क्रोध करते हो तो जलते हो, तो पहले तो तुम्हीं अपनी हानि करते हो, दूसरे की हानि तो बाद में ही कर सकोगे न, और हो सकता है उसकी हानि नहीं भी कर सको। लेकिन इतना तो सत्य है कि जब क्रोध करते हो तो अपनी हानि तो तुम करते ही हो।

आचार्य धम्मपाल को तो यह बात समझनी चाहिए थी। क्योंकि यह वसभ थेर का कथन है और वे भावितात्म थे, गहराई से विपश्यना साधना उन्होंने अवश्य की होगी और उसकी क्रियाविधि को उन्होंने ठीक से समझा ही होगा।

थेरगाथा अट्ठकथा में 'तेन वुत्तं अपदाने' के पहले जो थेर की जीवनी दी गई है वह बिल्कुल यंत्रवत है, न वाक्य में कहीं नयापन है, न विषयवस्तु में। सब कुछ एक तरह है। कोई थेर पूर्व के बुद्धों के प्रति अपना कर्तव्य कर पुण्यार्जन कर कहां-कहां जनमे और किस बुद्ध या प्रत्येक बुद्ध की सेवा की, इस बुद्ध के समय कहां तथा किस कुल में जनमे, किनसे प्रव्रज्या ली और किस तरह विपश्यना करते हुए अर्हत्व की प्राप्ति की– इन सब बातों का ही यंत्रवत वर्णन है। चूंकि इस जीवनी का आधार अपदान है, अत: अपदान की बातें ही यहां जस की तस रख देते हैं, नया कुछ भी नहीं कहते।

धम्मपाल इससे अधिक कुछ क्या करते? अपदान में थेर की जो जीवनी गाथा में वर्णित है, उसी जीवनी को उन्हें गद्य में रखना था। वे कोई नई कहानी नहीं गढ़ सकते थे जैसा बुद्धघोस ने एको चरे खग्गविसाणकप्पो की प्रत्येक गाथा में एक कहानी देकर की है। वैसा करना धम्मपाल के लिए संभव नहीं था चूंकि उनको थेर की जीवनी अपदान में वर्णित जीवनी ही रखनी थी। यह तो उनकी बाध्यता थी।

धम्मपाल ने बुद्धघोस की तरह ही बड़ी ही सटीक उपमाओं का प्रयोग किया है। ये उपमाएं ऐसी हैं जो बासी नहीं, टटका (ताजा) हैं।

**आतुम थेर** कहते हैं कि अगर मैं विवाह कर गृहस्थ बन गया होता तो मेरा घर से प्रव्रजित होना, मेरा त्याग करना उतना ही मुश्किल होता जितना उस बांस का बांस के गुम्ब से निकलना होता है। जब बांस अंकुर के रूप में रहता है तो उससे बाहर निकलना आसान है, पर वही बांस जब शाखा-प्रशाखाओं से भर जाता है तो उसका गुम्ब से निकलना बड़ा ही कठिन होता है।

**सङ्घरक्खित थेर** ने अर्हत्व प्राप्त कर जब अपने साथी भिक्षु को, जो मिथ्यावितर्कबहुल थे, विहार करते देखकर यह कहा कि वे वैसे विहार कर रहे हैं जैसे मृगी जो अपने तरुण शावक की आसक्ति में वहीं घूमती रहती है, भूखी रहकर भी अपने शावक के प्रति आसक्ति के कारण वहां से दूर नहीं जाती। ठीक उसी तरह ये भिक्षु भी हैं जो भवचक्र में ही रहना पसंद करते हैं, उससे बाहर निकलना नहीं चाहते चूंकि उन्हें अपने मन पर

नियंत्रण नहीं है।

**जेन्त थेर गा**थावर्णना में एक अद्भुत उपमा है। वहां कहा गया है कि जैसे घर में रहते राजा को विभिन्न प्रकार के राजकृत्य, गृहपति के भिन्न-भिन्न प्रकार के कर्त्तव्य, जैसे श्रमण-ब्राह्मणों का संग्रह करना, उनका आतिथ्य आदि भिन्न-भिन्न प्रकार के काम करने पड़ते हैं, इसलिए घरावास या घर में रहना फूटे घड़े की तरह है, जिससे महासमुद्र कभी भरा नहीं जा सकता है। फूटे घड़े से तो कोई बावड़ी भी नहीं भर सकता तो समुद्र भरने की बात तो दूर है।

**साटिमात्तिय थेर** को जब एक गृहस्थ के घर में मार के कारण अपमानित होना पड़ा तो वे उस गृहस्थ पर बरस पड़े और गृहस्थ के लाख अनुरोध करने पर भी (गृहस्थ को इस सच्चाई का पता चल गया था कि उसकी बेटी का हाथ थेर ने नहीं, बल्कि थेर के रूप में मार ने आकर पकड़ा था) उन्होंने कहा कि अब मैं तुम्हारे यहां नहीं रह सकता। तुम जो चार प्रत्ययों से मेरी सेवा करते थे, वे सब अब तुम्हारे ही हों। तुमने मेरे ऊपर शंका की, तुम्हारी श्रद्धा मुझमें अचल नहीं है। अतः मैं यहां नहीं रहूंगा। जब गृहस्थ ने उनसे कहा कि "यदि आप यहां नहीं रहेंगे तो कैसे जीवन-यापन करेंगे? कौन आपकी चार प्रत्ययों में सेवा करेगा?" तो इस पर जो साटिमात्तिय थेर ने कहा, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा– 'मेरी चिंता मत करो। मुनि के लिए थोड़ा-थोड़ा भात हर कुल में पकता है। अभी मैं लाचार नहीं हूं, मेरी जांघ में शक्ति है। मैं भ्रमर की तरह एक फूल से दूसरे फूल पर अर्थात् एक घर से दूसरे घर जाकर भिक्षा प्राप्त करूंगा और धर्म का जीवन जीऊंगा।'

**पच्चति मुनिनो भत्तं, थोकं थोकं कुले कुले।**
**पिण्डिकाय चरिस्सामि, अत्थि जङ्घबलं मम॥**

"अभी मेरी जांघ में ताकत हैं, मैं घर-घर जाकर प्रत्यय इकट्ठा करूंगा।"

अद्भुत है यह एक धर्मपरायण भिक्षु का रोष!

**जम्बुक थेर** की गाथावर्णना में एक नई उपमा है, वह है हृदय के भीतर अर्हत्व के उपनिश्रय को इस तरह प्रज्वलित होते देखना जैसे घट के भीतर प्रदीप को। किसी में अर्हत के आधार को बुद्ध अपने दिव्य एवं प्रज्ञा चक्षु से देख सकते हैं। यह वैसा ही है जैसे घड़े के भीतर जलते दीपक को देखना।

**सेनक थेर** गाथावर्णना में कहा गया है कि इस संसार में, जिसके आरंभ का पता नहीं चलता, यह चित्त मैल से भरे, चर्बी, पित्त आदि से भरे फटे-पुराने कपड़े के थैले की तरह, मट्ठे से भरे वर्त्तन की तरह तथा कांजी से भरे तुम्बे की तरह चिरकाल से संकिलिष्ट है। इस चित्त को चमड़े का पट्टा और इस सत्काय को खंभा कहा गया है। एक और उपमा है। अविद्या आदि सभी ग्रंथों (गाठों) से मुझको आर्य मार्ग के हाथ से भगवान ने मुक्त किया। उससे अविद्या आदि सभी ग्रंथों से मुझको आर्यमार्ग के हाथ से भगवान ने मुक्त किया।

अगर प्राण बचाने के लिए भी कोई प्रव्रजित होता है और प्रव्रजित का कर्त्तव्य करता है, गत-प्रत्यागत आदि व्रत करता है तो भी कोई हर्ज नहीं। प्राणभय से ली गयी प्रव्रज्या भी यदि शुद्ध हो तो बड़ी फलदायक होती है। मुदित ने प्राण-भय से प्रव्रजित होकर कितना बड़ा आध्यात्मिक लाभ पाया– यह उनकी गाथाओं से स्पष्ट है। "अपनी प्राण-रक्षा के लिये मैं प्रव्रजित हुआ और उपसंपदा ली। तब श्रद्धावान होकर दृढ़ उत्साह के साथ मैंने पराक्रम किया– 'यह शरीर टूट जाए तो टूट जाय, मांस पेशी गल जाए तो गल जाय, जांघ से नीचे दोनों पैर टूट कर गिर जाए तो गिर जाय। न तो मैं खाऊंगा और न पीऊंगा, न मैं विहार से बाहर निकलूंगा, न मैं करवट लेकर सोऊंगा, जब तक तृष्णा का शूल मेरे हृदय से उखड़ नहीं जाता। इस प्रकार रहते हुए मेरे वीर्य और पराक्रम को देखो। मैंने तीनों विद्याएं प्राप्त कर ली हैं और बुद्ध की शिक्षा पूरी कर ली है।"

**नदी कस्सप थेर** गाथावर्णना में भगवान बुद्ध की, तथागत की, दक्षिणीय की अग्नि से तुलना की गयी है। उन्हें सभी पापों को जलाने के कारण अग्नि कहा गया है। यहीं पर आर्यमार्ग की तुलना शस्त्र से की गयी है, उस शस्त्र से जो सभी भवों को– काम आदि भवों को विध्वंस कर देता है, चीर-फाड़ देता है।

**गयाकस्सप थेर** गाथावर्णना में आर्यमार्ग की तुलना जल से की गयी है जिससे सभी पाप धुल जाते हैं।

**विजितसेन थेर** गाथावर्णना में स्मृति की तुलना उस रस्सी से की गयी है जो मनहूस मन को कर्मस्थान के स्तंभ में बांधे रखती है।

**कातियान थेर** गाथावर्णना में आर्यमार्ग की तुलना वृष्टि से की गयी है, जिससे अकुशल धर्मों के अग्निस्कंध को निर्वापित किया जाता है।

**उपालि थेर** गाथावर्णना में कहा गया है कि जिस तरह जल में अग्नि नहीं रहती, पर्वत पर बीज नहीं उगते, औषधि में कृमि नहीं होती, उसी तरह बुद्ध में क्रोध नहीं होता–

**दके अग्गि न सण्ठाति, बीजं सेले न रूहति।**
**अगदे किमि न सण्ठाति, कोपो बुद्धे न जायति॥**

इसी गाथावर्णना में एक बहुत ही अच्छी उपमा है। जिस प्रकार वर्त्तिका आदि अर्थात वर्त्तिका, तेलं आदि प्रत्ययों के वैकल्य से, उनकी कमी से दीपक की ज्योति शेष हो जाती है, कमजोर या छोटी लता हवा के वेग से टूट जाती है, नष्ट हो जाती है, उसी तरह इन्द्रसगोत्रीय मार को तुम बिना उसके वश में हुए, उपादान रहित होकर विध्वंस करो, नाश करो।

**ब्रह्मदत्त थेर** गाथावर्णना में एक उपमा है, जो कृषक जीवन से ली गयी है। दुष्ट बैल आदि जानवर किसानों के खेत की फसल खा जाते हैं। वैसे जानवरों को बांधकर रखना पड़ता है, छुट्टा छोड़ा नहीं जाता है। वैसा ही हमारा मन है जो यदि अनियंत्रित रहता है या होता है तो ऐसे चरागाह में चला जाता है जहां हम क्लेश पैदा करते हैं, दुःख पैदा करते हैं। यहां कहा गया है कि ऐसे चित्त को, दुष्ट बैल रूपी चित्त को स्मृति की रस्सी से, समाधि रूपी खंभे में बांधकर रखो और इस तरह इस चंचल, चपल चित्त को वश में करो।

**सब्बकामि थेर** गाथावर्णना में कहा गया है कि जो व्यक्ति छन्द राग को दूर रखता है या समूल उखाड़ता है वह मानो सांप के सिर पर पैर रखने से दूर-दूर रहता है। यहां स्त्रियों को सांप का सिर कहा गया है। सांप के सिर पर पैर रखने से वह काटेगा ही, उसी तरह स्त्रियों से दूर नहीं रहने पर वह उनमें आसक्त हो ही जाता है। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो वह स्मृतिमान होकर तृष्णा की सीमा को लांघ जाता है, उसका अतिक्रमण करता है।

एक और बड़ी सशक्त उपमा वीर थेर गाथावर्णना में आयी है, जहां कहा गया है कि **"मं पलोभेतुकामा सिनेरुं मकसपक्खवातेन चालेतुकामा विय याव बाला वतायं इत्थी"ति** अर्थात मुझको प्रलोभित करने के लिए उस स्त्री के नखरे आदि ऐसे ही निरर्थक थे जैसे मक्खी जो अपने पंख से हवा कर सुमेरु पर्वत को कंपाना या हिलाना चाहता हो।

**कण्हजिन थेर** गाथावर्णना में एक बड़ी अच्छी उपमा है। अगर कोई आध्यात्मिक पथ पर चलकर गंतव्य की प्राप्ति करना चाहता है और निर्विघ्न प्राप्त करना चाहता है तो उसे एक ऐसे रथ पर सवार होना चाहिए जिसके आगे दो चक्के हैं। पहला है– सेवा करना, संगति करना, उपासना करना और दूसरा है– उस व्यक्ति की सेवा करना जो आर्य पुद्गल हो, शील आदि गुणों से समन्वागत हो और जो उस धर्म के बारे में जैसे आर्य अष्टांगिक मार्ग के बारे में बताता हो, जैसे सारिपुत्र आदि। जो व्यक्ति सत्पुरुष की संगति करता है, उपासना

करता है, सेवा करता है उनसे धर्म के बारे में सुनता है, वह मानो उस रथ पर सवार होकर आर्य मार्ग पर चल रहा है जिसके आगे ये दो चक्के हैं। और यदि वह सुने हुए धर्मों को जैसे चार आर्य सत्य, प्रतीत्यसमुत्पाद आदि को सुनकर उन पर समय-समय पर विचार करता है तो यह उसकी बहुश्रुतता दिखाता है। धर्म को सुनना और समय-समय पर विचार करना और धर्म पथ पर चलना, धर्मानुसार जीवन जीना ये दो उस रथ के पीछे के चक्के हैं। तो वह जिस रथ पर चढ़कर आर्य मार्ग पर चल रहा है उसके चार चक्के हैं। आर्य पुद्गल उनकी संगति तथा सेवा, चार आर्य सत्य तथा प्रतीत्यसमुत्पाद के बारे में न केवल उनसे सुनना, बल्कि उन पर विचार करना और धर्म पथ पर चलना। ऐसे चार चक्के वाले रथ पर सवार होकर वह निश्चय ही गंतव्य को प्राप्त करेगा अर्थात निर्वाण की प्राप्ति करेगा।

यहां दी गई कुछ और उपमाएं द्रष्टव्य हैं। धर्म की तुलना चक्र से (अधिमुत्त थेर गाथावर्णना), प्रासाद से धम्मपासादमारुय्ह, (वल्लियथेर गाथावर्णना), औषधि से धम्मागदं गवेसन्तो (उपालि थेर गाथावर्णना) धर्म की औषधि पीकर (उपालि थेर गाथावर्णना)।

इस तरह की और भी बड़ी सशक्त और सटीक उपमाओं का प्रयोग इस अर्थ-कथा में किया गया है, जो बासी नहीं ताजा कहा जाएगा।

पालि से हिंदी में अनुवाद करना आसान नहीं है। पालि, संस्कृत की तरह अभिश्लिष्ट भाषा है और हिंदी वैसी नहीं है। 'राम का' संस्कृत में 'रामस्य' हो जाता है और पालि में 'रामस्स'। संस्कृत तथा हिंदी में उपसर्ग लगाकर शब्द बनाए जाते हैं, जैसे जानामि, विजानामि, संजानामि, पजानामि, अभिजानामि। इन शब्दों का अर्थ तो जानना ही होता है पर कितना और कैसा जानना यह विभिन्न उपसर्गों की सहायता से किया जाता है। एक साधारण व्यक्ति का ज्ञान स्रोतापन्न के ज्ञान से भिन्न है और स्रोतापन्न का ज्ञान अर्हत के ज्ञान से गुणात्मक रूप से भिन्न है।

कुछ ऐसे पालि शब्द हैं जिनके लिए बौद्ध संस्कृत में उपयुक्त शब्द हैं। मैंने उन शब्दों को रखने का प्रयास किया है। हां, उनका अर्थ एक बार हिंदी में कोष्ठक में दे दिया गया है। इस संदर्भ में मैं कुछ शब्दों का उल्लेख करना चाहूंगा। पहला पालि शब्द 'अंज्झासय' है जिसका बौद्ध संस्कृत रूप 'अध्याशय' है। 'अध्याशय' अर्थात अधि+आशय। आशय का अर्थ वृहद हिंदी कोश में अधिष्ठान तथा तात्पर्य भी है अर्थात इसका अर्थ Strong Purpose या Determination है। हिंदी 'आशय' का अर्थ जानने से 'अध्याशय' का अर्थ जानना कठिन नहीं होगा और हिंदी शब्दकोश में एक और शब्द 'अध्याशय' जुड़ जाएगा।

दूसरा शब्द है 'समुस्सय' जिसका बौद्ध संस्कृत 'समुच्छ्रय' है। 'समुस्सय' का अर्थ Body (शरीर) या Bodily existence होता है। 'समुच्छ्रय' हिंदी शब्दकोश में तो है पर इस अर्थ में नहीं है। वहां इसका अर्थ ऊंचाई या जन्म दिया है। इस शब्द को मैंने अनुवाद में उसी अर्थ में रखा है जिस अर्थ में यह बौद्ध संस्कृत में प्रयुक्त है।

तीसरा शब्द 'सप्पाय' है जिसका बौद्ध संस्कृत रूप 'साम्प्रेय' है। इसका अर्थ होता है Suitable या Proper. उचित ऋतु प्राप्तकर ही कोई साधना में प्रगति कर सकता है। अतः 'सप्पाय' के लिए मैंने 'साम्प्रेय' शब्द का प्रयोग किया है। बड़ा अच्छा शब्द है कर्णप्रिय है, अतः इसे हिंदी शब्दकोश में स्थान मिलना चाहिए।

चौथा शब्द है 'संकिलिट्ठ'। यह शब्द 'संक्लेश' से बना है जिसका अर्थ होता है Suffering, Defilements, Impurity. हिंदी शब्दकोश में 'संक्लिष्ट' शब्द है, जिसका अर्थ होता है, जिस पर धब्बा आदि पड़ गया हो या जो कठिनाइयों से पूर्ण हो। मैंने 'संक्लिष्ट' (संकिलिट्ठ) शब्द का प्रयोग किया है। क्लिष्ट

शब्द हिंदी शब्दकोश में है। मैंने 'सं' लगाकर 'संक्लिष्ट' बनाया है जिसका अर्थ होता है क्लेशयुक्त, पीड़ित। क्लेश भी तो एक प्रकार का धब्बा ही है जो शुद्ध मन को अशुद्ध बनाता है। राग, द्वेष तथा मोह के आने पर मन प्रदुष्ट ही तो होगा, संक्लिष्ट ही तो होगा।

अपदान अट्ठकथा में दान करने की महिमा बतायी गयी है। दान दस पारमिताओं में से एक है। दान देने की भावना से ये बातें स्पष्ट होती हैं। दान देने वाले के हृदय से स्वार्थ की निकृष्ट भावना जाती रहती है और परहित का उदात्त भाव जागता है जिस भाव सूत्र से वह समाज के और लोगों से जुड़ता है तथा और लोगों को जोड़ता है।

यहां तीन वेदों की निस्सारता भी दिखाई गयी है। (देखें बाकुलथेर गाथावर्णना)

गोतम थेर की अट्ठकथा में स्त्रियों के बारे में वैसे ही विचार है जैसे जातक अट्ठकथा में पाये जाते हैं। यहां कहा गया है कि स्त्री को चाहे सात तल्ले वाले महल पर रखो, जहां कोई पुरुष न हो, चाहे कोख में रखो, उसे उसी तरह रखना होगा, जैसे फसल की रक्षा उन गायों से की जाती है जो चोरी-छिपे खेत में घुस कर फसल खा जाती है। स्वामी द्वारा वस्त्र तथा अलंकार दिये जाने पर भी उसके चित्त को दूसरी जगह जाने से सब समय रोका जाना चाहिए।

अपदान में बुद्ध के पर्यायवाची अनेक शब्द हैं जैसे– **ओवादको, अनुकम्पको, अनाविलो, कारुणिको, आहुतीनं पटिग्गहो, तिलोकग्गो, ओक्काककुलसंभवो, कमलोदरो, सपञ्ञो, उपसन्तो तथागतो, चक्खुमा, चन्दसूराधिकप्पो, चारुदस्सनो, जिनो, जिनवरो, तारको, द्विजुत्तमो, नागविक्कन्तगमनो, नाथो, नायको, नरवीरो, नरुत्तमो, नाथो, बुद्धो, नरासभो, बुद्धिसागरो, ब्रह्मगिरो, महामुनि, महावीरो, महाझायी, महाबलो, महाकारुणिको, महातमपनूदनो, महेसि, लोकग्गो, लोकनायको, विनायको, सब्बधम्मविपस्सको, सब्बलोकविदू, सब्बलोकग्गो, सयम्भू, सीहहनू, सुद्धो, सत्तासयविदू।**

यहां बुद्ध का एक पर्यायवाची शब्द 'तारको' आया है। एकुदानिय थेर गाथावर्णना में 'उद्धरितुकामो' शब्द आया है। 'उद्धरितुकामो' का अर्थ उद्धार करने की इच्छावाला और तारको का अर्थ संसार सागर से तारन करनेवाला होता है।

इन दोनों शब्दों में जो भाव निहित है वह बुद्ध की शिक्षा से मेल नहीं खाता। बुद्ध कभी अपने को तारक या उद्धारक नहीं कहते। वे अपने को मार्गदर्शक कहते हैं। तुम्हेहि किच्चं आतप्पं, अक्खातारो तथागता– तथागत मार्ग बताते हैं। मार्ग पर दुःख मुक्ति के लिए किसी को स्वयं चलना पड़ता है, तथागत के कंधे पर बैठकर कोई संसार-सागर को पार नहीं करता। वे किसी का Proxy नहीं करते। ऐसी सोच का विकास भक्ति के प्रभाव से महायान में हुआ। अतः महायान का प्रभाव अपदान में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। मार्ग पर चलना होता है अपने को दुःख से मुक्त होने के लिए। कोई दूसरा आपको दुःख मुक्त नहीं करा सकता। दुःख से मुक्ति के लिए स्वयं काम करना पड़ता है। अपने पैरों पर खड़ा होना पड़ता है और अपने ही पैरों से चलना होता है। कोई अन्य किसी को अपने कंधे पर बिठाकर नहीं ले जाता।

इन शब्दों के आने से यह स्पष्ट हो जाता है कि अपदान के लेखक पर ब्राह्मण धर्म का प्रभाव था, तभी तो बुद्ध को भगवान की तरह, विष्णु की तरह, परमेश्वर की तरह तारक और उद्धारक कहा गया है। बुद्ध जोर देते हैं आत्मनिर्भरता पर और ब्राह्मण धर्म जोर देता है परनिर्भरता पर और उस 'पर' को परमशक्तिशाली बताकर मनुष्य की शक्ति का अवमूल्यन करता है– **'अत्ता हि अत्तनो नाथो, को हि नाथो परो सिया'।**

अपदान के अध्ययन से गोयन्काजी को बुद्धसहस्सनामावली प्रणयन करने में प्रभूत सहायता मिली है।

विष्णु सहस्रनाम के तर्ज पर बुद्धसहस्सनामावली का प्रणयन किया गया है। यहां गोयन्काजी प्रवाह में नहीं बहे और उन्होंने भी बुद्ध के लिए उन्हीं शब्दों का प्रयोग किया है जो बुद्ध स्वयं अपने लिए प्रयोग करते हैं। वे **सब्बधम्मविपस्सको, सत्तासयविदू, महातमपनूदनो** तो थे पर वह तारक और उद्धारक नहीं थे। वे थे तो प्रमुखतः मार्गदर्शक, पथ प्रदर्शक।

यहां कुछ शब्दों की व्याख्या प्रमुख रूप से ध्यातव्य है जैसे पुग्गल (पुद्गल) एवं उपज्झाय (उपाध्याय)।

**"जरामरणेहि तस्स तस्स सत्तावासस्स पूरणतो गलनतो च पुग्गलो"** (थेरगाथा-अट्ठकथा, अजिनत्थेरगाथावण्णना 1.272-273) अर्थात जरा तथा मृत्यु के कारण इस या उस सत्त्वावास को भरता है, पूरा करता है या वहां से गिरता है इसीलिए पुद्गल कहा जाता है।

**उपज्झाय** शब्द की व्याख्या भी लगभग इसी तरह की गई है।

**"उपज्झायोति वज्जावज्जं उपनिज्झायति हितेसितं पच्चुपट्ठपेत्वा ञाणचक्खुना पेक्खतीति उपज्झायो।"** (थेरगाथा-अट्ठकथा, सिवकसामणेरगाथावण्णना 1.62) क्या दोष है, क्या दोष नहीं है– इस पर जो विचार करता है, मनन करता है वह उपज्झायो या उपाध्याय है। दूसरे का हित उसके समक्ष लाकर ज्ञान-चक्षु से जो देखता है वह उपाध्याय है।

यहां **पञ्ञा, तथागत** आदि शब्दों की दी गयी व्याख्या भी ध्यातव्य है। पकारे जानाति (प्रकार को जानते हैं) पकारे ञापेति (प्रकार से घोषित करते हैं) अतः इसे प्रज्ञा कहते हैं। विनीत किये जाने योग्य पुरुषों के आशय, अनुशय, चरित तथा अधिमुक्ति (संकल्प या झुकाव) आदि प्रकार में धर्मों से कुशल आदि देशितव्य प्रकार को जानता है, स्वभावानुसार उसका प्रतिवेधन करता है और उसी प्रकार, उसी तरह ज्ञापित (घोषित) करता है।

**'तथागतानं'**– जैसे आए वैसे गए– आदि अर्थों के कारण तथागतों का। वैसे आए इसलिए तथागत, वैसे गए इसलिए तथागत, सत्य के लक्षणों को जाना– इसलिए तथागत, तथ (सत्य) धर्म को जैसा है वैसा ही जानने के अर्थ में तथागत, सत्य को दिखाने के कारण तथागत, सत्य बोलने के कारण तथागत, वैसा ही किया– इसलिए तथागत, हराने के अर्थ में तथागत– इस प्रकार आठ कारणों से भगवान तथागत। सत्य से आए– इसलिए तथागत, सत्य से गए– इसलिए तथागत। सत्य के लक्षण को जाना इसलिए तथागत, सत्यों को जाना इसलिए तथागत, सत्य के लक्षण को जानने के कारण तथागत, सत्य धर्म को जाना इसलिए तथागत, सत्य को दिखाने से तथागत, सत्य से आए– इसलिए तथागत, सत्य से गए– इस भाव से तथागत– इस प्रकार इन और आठ प्रकार से भगवान तथागत, ये संक्षेप है।

यहां यह दिखाया गया है कि लोग भिन्न-भिन्न कुलों में जन्म लेते हैं और बुद्ध की शिक्षा का पालन कर, उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलकर और शुद्ध मन से कुशल कर्म कर अर्हत्व की प्राप्ति करते ही हैं। किसी भी कुल में जन्म लेना महत्त्व का नहीं होता। महत्त्वपूर्ण होता है उनका कार्य, महत्त्वपूर्ण होता है उनका शील का पालन करना, समाधि का अभ्यास करना और प्रज्ञा की प्राप्ति करना। इन तीनों के सम्यक विकास से कठिन से कठिन मार्ग भी आसान हो जाता है।

लोग खत्तिय, ब्राह्मण, गहपति तथा इब्भ कुल में जन्म लेते हैं, खत्तिय कुल में भी साक्यराज कुल में, वज्जिराज कुल में, लिच्छविराज कुल में, ब्राह्मण कुल में, सोत्तिय ब्राह्मण कुल में, यानकार कुल में जन्म लेते हैं। चाहे किसी भी कुल में जन्म लेते हैं, अगर बुद्ध की शिक्षा को जीवन में जीते है तो भव-चक्र से बाहर निकलना संभव हो जाता है। यहां तक कि निषाद कुल में जनमा व्यक्ति या निषाद योनि में जनमा व्यक्ति, यहां तक कि किसी जानवर जैसे सिंह आदि योनि में या पक्षी जैसे पारावत भी, नागराजा भी यदि कुशल कर्म करते हैं तो

भव-चक्र से बाहर आने का मार्ग वे प्रशस्त कर लेते हैं। अपदान साहित्य के आने के पहले तिरश्चीन योनि में जनमे प्राणी के लिए जो असाध्य था, असंभव था, वह संभव और साध्य हो गया।

यहां कुल का अर्थ क्या है? क्या इसका अर्थ जाति है? हिन्दी शब्दकोष में कुल का एक अर्थ जाति है। चूंकि पालि भाषा में जाति का अर्थ जन्म होता है (जाति पि दुक्खा जरा पि दुक्खा) अतः अपदानकार तथा अपदान की अट्ठकथा लिखने वाले आचार्य धम्मपाल ने जाति का प्रयोग न कर कुल का प्रयोग किया जिसका अर्थ, जैसा ऊपर कहा गया है 'जाति' होता है। स्पष्ट है जब अपदान लिखा गया तब यहां चार जातियों में बंटी मनुष्य की अवधारणा दृढ़ हो गयी थी, लेकिन आज की तरह नहीं, अपने Profession या कर्म के अनुसार, Division of Labour के अनुसार। वेद को पढ़ने तथा पढ़ाने वाला, देश की रक्षा करने वाला, व्यापार करने वाला तथा सेवा करने वाले के रूप में मानव समाज बन गया था। धीरे-धीरे यह Division of Labour वंशगत हो गया और क्रमशः जातियों में समाज बंट गया। अब ब्राह्मण का पुत्र वेद पढ़ना जानता हो या नहीं, ब्राह्मण कहा जाने लगा, क्षत्रिय का पुत्र धनुष की प्रत्यंचा ठीक से चढ़ा सके या नहीं, क्षत्रिय कहलाया, वैश्य का पुत्र वाणिज्य की बुद्धि रखता हो या नहीं वैश्य कहा जाने लगा और शूद्र का पुत्र शूद्र कहा जाने लगा। जो Division कर्मणा था, वह जन्मना हो गया। इससे समाज की बड़ी हानि हुई। मनुष्य का कर्मणा विभाजन वैज्ञानिक था, व्यावहारिक था, जन्मना विभाजन स्वार्थपरक, अवैज्ञानिक तथा बड़ा ही हानिकारक हो गया।

और कुछ बातें हैं जिनसे स्पष्ट है कि अपदान बहुत बाद की रचना है।

भद्द थेर कहते हैं कि मैं माता-पिता का अकेला पुत्र था। उन दोनों ने बहुत व्रत रखकर, श्रमण-ब्राह्मणों से यह सुनकर कि ऐसा करोगे तो पुत्र की प्राप्ति होगी, उन्होंने ऐसा किया, देवता से, शास्ता से याचना की और तब पुत्र की प्राप्ति की।

**एकपुत्तो अहं आसिं, पियो मातु पियो पितु।**
**बहूहि वतचरियाहि, लद्धो आयचनाहिच॥**

जब तथागत वरातीत हैं तो लकुण्डक थेर गाथावर्णना में जो वर की बात आती है उससे स्पष्ट है कि अपदान बहुत बाद की रचना है।

**– विपश्यना विशोधन विन्यास**